# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – थाना शमसाबाद

## दिनांक :- 01.09.2023

### थाना शमसाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 216/23 में वांछित 01 अभियुक्त को 01 अवैध तमंचा, 03 जिन्दा कारतूस व 03 खोखा कारतूस 315 बोर के साथ किया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर **श्री आलोक सिंह** के निर्देशन, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर **श्री प्रशान्त कुमार** के कुशल पर्यवेक्षण, **श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक **डा0 संजय सिंह** व क्षेत्राधिकारी कायमगंज श्री सोहराब आलम के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना शमसाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 216/23 में वांछित अभियुक्त कल्लू उर्फ कुलवीर पुत्र स्व0 मिहीलाल पाल निवासी अद्दुपुर थाना शमसाबाद को दिनांक 01.09.2023 को घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा, 03 जिन्दा कारतूस व 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद कर मु0अ0सं0- 222/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।



दिनांक- 30.08.2023 को आवेदक श्री सन्तोष पाल पुत्र मिहीलाल पाल नि0 अद्दुपुर देहामाफी थाना शमसाबाद द्वारा जमीन के इकरारनामा के पैसे के विवाद को लेकर मु0अ0सं0- 216/23 धारा- 307/504/506 भादवि बनाम जितेन्द्र उर्फ लल्ला सिंह व कुलदीप पुत्रगण स्व0 प्रताप सिंह निवासीगण अद्दुपुर देहामाफी थाना शमसाबाद के विरूद्ध पंजीकृत कराया था । मुकदमा उपरोक्त की तमामी विवेचना एवं मेडिकल रिपोर्ट , बयान गवाहन आदि से साक्ष्य संकलन से मुकदमा उपरोक्त के वादी के भाई कल्लू उर्फ कुलवीर पुत्र स्व0 मिहीलाल पाल निवासी अद्दुपुर थाना शमसाबाद ने विपक्षी जितेन्द्र उर्फ लल्जा सिंह व कुलदीप उपरोक्त को फंसाने के लिए स्वंय बाये पैर में तंमचे से गोली मार ली थी। जिसे आज दिनांक 01.09.2023 को घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा, 03 जिन्दा कारतूस व 03 अदद खोखा कारतूस 315 वोर बरामद कर मु0अ0सं0- 222/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

1. कल्लू उर्फ कुलवीर पुत्र स्व0 मिहीलाल पाल निवासी अद्दुपुर थाना शमसाबाद।

**पूछताछ का विवरण:-** अभियुक्त से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो बताया कि जितेन्द्र उर्फ लल्ला सिंह व कुलदीप पुत्रगण स्व0 प्रताप सिंह निवासीगण अद्दुपुर देहामाफी थाना शमसाबाद के मुझ पर 1 लाख रूपये थे जो मुझसे बार-बार माँग रहे थे उनको पैसे न देने पडे एवं उनको झूठा फंसाने के लिए मैने खुद के पैर में स्वंय तमंचे से गोली मार ली थी। घटना से सम्बन्धित तमंचा कारतूस के बारे में पूछने पर बताया कि घटना के बाद मैं जहाँ गाँव के बाहर झाडियों में छिपा बैठा था तमंचा कारतूस वही झाडियों में छिपा दिया था। जो आपको मैंने बरामद करा दिया है।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 01 तमंचा, 03 जिन्दा कारतूस व 03 खोखा कारतूस 315 बोर।


**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -**

1. मु0अ0सं0- 216/23 धारा- 307/504/506 भादवि थाना शमसाबाद।
2. मु0अ0सं0- 222/23 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शमसाबाद।

**गिरफ्तार/बरामद करने वाली थाना शमसाबाद पुलिस टीम:-**

1. थानाध्यक्ष बलराज भाटी,
2. उ0नि0 संजय कुमार राय
3. का0 गौरव कुमार,
4. का0 उमेश शर्मा

**मीडिया सेल फतेहगढ़**












GPS Map Camera
Shamshabad, Uttar Pradesh, India
Google








GPS Map Camera
Pataunja, Uttar Pradesh, India
Pataunja, Uttar Pradesh 209739, India
Google






GPS Map Camera
Merapur, Uttar Pradesh, India
Merapur, Uttar Pradesh 209662, India
Lat 27.261101°
Long 79.275078°
Google
01/05/23 05:37 PM GMT +05:30

